प्रेस नोट

दिनांक 02.08.2025

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र निरीक्षण।

आज दिनांक 02.08.2025 को अपर जिलाधिकारी, जनपद हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बाढ़ पीड़ितों हेतु स्थापित राहत शिविरों एवं अस्थाई आवास केंद्रों राजकीय महाविद्यालय, कुछेछा एवं महर्षि विद्यालय का अवलोकन किया गया। इन केंद्रों में निवासरत प्रभावित जनों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं — जैसे शुद्ध पेयजल, भोजन, चिकित्सा सेवा, शौचालय व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए की राहत शिविरों में रह रहे किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो,एवं आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों ने राहत केंद्रों में उपस्थित बाढ़ प्रभावित नागरिकों से संवाद कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा जनपद प्रशासन द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लगातार निगरानी एवं त्वरित राहत कार्य जारी रखने की बात कही गई।